दिनांक 14/09/2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कोरोना वायरस को नष्ट करने सभी जोन से एक साथ चलाया अभियान , भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में किया गया सैनिटाइज

भिलाई नगर/ भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में कोरोना के संक्रमण को रोकने शनिवार एवं रविवार को नगर निगम की टीम ने युद्घ स्तर पर अभियान चलाया। शासकीय भवन , सामाजिक भवन, भीड़भाड़ वाले थोक मार्केट क्षेत्र के दुकान और ऐसे स्थल जहां लोगों की दिनभर आवाजाही लगी रहती है। ऐसे स्थानों पर टैंकर स्प्रे मशीन से सोडियम हाइपोक्लोराइड घोल का छिड़काव कर कोरोना वायरस को नष्ट किया गया। जहां टैंकर नहीं पहुंच पाया। वहां मैनुअली हैंड स्प्रे से छिड़काव किया गया। जोन- 1 नेहरू नगर की टीम ने लक्ष्मी मार्केट , मटन मार्केट, सुपेला घड़ी चौक से डा राजेंद्र प्रसाद चौक तक रोड किनारे के मकान और दुकानों को सैनिटाइज किया। वहीं सुपेला हार्डवेयर लाइन होजियरी मार्केट के दुकानों में स्प्रे किया गया। जोन- 2 वैशाली नगर की टीम ने अम्बेडकर नगर , रामनगर, कब्रिस्तान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैशाली नगर, वैशाली नगर थाना, बिजली ऑफिस और बैकुंठधाम मंदिर के सामने ग्राउंड को टैंकर स्प्रे मशीन से सैनिटाइज कराया गया। जोन -3 मदर टेरेसा की टीम ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस सब्जी मंडी, सर्कुलर मार्केट फल मंडी और मटन मार्केट , पशु चिकित्सालय रामनगर , जोन - 4 की टीम ने पावर हाउस शास्त्री मार्केट और नन्दिनी रोड के दुकानों
को सैनिटाइज किया गया।

जनसंपर्क अधिकारी